राजस्थान सरकार

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग

बीमा भवन, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर।

क्रमांकः एफ.93/पार्ट–3/कम्प/ऑनलाईन प्रोसेस/2021/**852-900** दिनांकः **18-09-2023**

निर्देश

विषयः– ई–ग्रास के माध्यम से जनरेट चालानों की पोस्टिंग के सम्बन्ध में।

एसआईपीएफ पोर्टल पर अक्टूबर 2016 से जीपीएफ/राज्य बीमा से सम्बन्धित कटौतियों/जमा के सभी चालान एसआईपीएफ पोर्टल से बनाते हुए ई–ग्रास के माध्यम से जनरेट किये जा रहे है। मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि कुछ कार्मिकों ने सीधे ही ई–ग्रास पोर्टल पर उक्त चालान बना दिये थे। इन चालानों की पोस्टिंग एसआईपीएफ पोर्टल पर स्वतः नहीं हो पाती है।

इस प्रकार के चालानों की पोस्टिंग करने हेतु एसआईपीएफ पोर्टल पर एक युटिलिटी विकसित की गई है जो कि Payment > E-Grass Direct Challan के नाम से जिला कार्यालय में **पर्यवेक्षक के स्तर पर** उपलब्ध करवाई गई है। जिसकी प्रक्रिया संलग्न प्रेषित की जा रही है।

सिस्टम अनुभाग द्वारा आपके जिला कार्यालय से सम्बन्धित उक्त प्रकार के चालानों की माह अप्रेल 2022 से सितम्बर 2022 तक की सूची संलग्न उपलब्ध करवाई जा रही है। कृपया अपने स्तर पर उक्त चालानों से सम्बन्धित प्रमाणित कटौती पत्र डीडीओ से प्राप्त करके चालानों की पोस्टिंग दिनांक 15.10.2023 तक करवाया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– चालान पोस्टिंग प्रक्रिया एवं चालान सूची

(शिशिर चतुर्वेदी)
वरिष्ठ अतिरिक्त निदेशक, सिस्टम्स

क्रमांकः एफ.93/पार्ट–3/कम्प/ऑनलाईन प्रोसेस/2021/**852-900** दिनांकः **18-09-2023**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रानि विभाग, मुख्यालय, जयपुर।
2. वरिष्ठ अतिरिक्त/अतिरिक्त निदेशक, बीमा/सतर्कता/पीएफ, राज्य बीमा एवं प्रानि विभाग, मुख्यालय/संभाग कार्यालय।
3. संयुक्त/उप/सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रानि विभाग, समस्त जिला कार्यालय को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार कार्यालय निर्देश के अनुरूप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

Signature valid

Digitally signed by Shishir Kumar Chaturvedi
Designation : Senior Additional Director
Date: 2023.09.18 10:15:33 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4668245

<u>**चालान प्रोस्टिंग प्रकिया**</u>

- एसआईपीएफ पोर्टल पर Payment > E-Grass Direct Challan युटिलिटी में पोस्टिंग किये जाने वाले चालान का जीआरएन नम्बर तथा चालान की कुल राशि डालकर Verify बटन पर क्लिक करना है।
- यदि जीआरएन नम्बर व कुल राशि सही होगी तो वेरिफाई पर क्लिक करने पर स्क्रीन और आगे खुल जायेगी, इस स्क्रीन में सभी फिल्ड्स को भरना अनिवार्य है तथा नीचे की ओर उपलब्ध (+) बटन पर क्लिक करने पर एक Row खुल जायेगी जिसमें एम्प्लॉई आईडी लिखने पर बीमेदार/खातेदार का नाम प्रदर्शित होगा तथा दायीं ओर कटौतियों/जमा से सम्बन्धित फिल्ड्स होंगे।
- कार्मिक के लेजर में पोस्ट की जाने वाली राशि को सम्बन्धित कॉलम में प्रविष्ट करें। यदि एक से अधिक कार्मिकों की कटौतियां उक्त चालान में होगी तो (+) बटन द्वारा अतिरिक्त Row क्रियेट करें तथा सम्बन्धित की एम्प्लॉई आईडी भरते हुए कटौतियों का इन्द्राज करें।
- चालान की पूर्ण राशि की पोस्टिंग करने के पश्चात Save के बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात उक्त चालान विवरण सम्बन्धित कार्मिक की लेजर में प्रदर्शित होने लगेंगे।

Signature valid

Digitally signed by Shishir Kumar Chaturvedi
Designation : Senior Additional Director
Date: 2023.09.18 10:15:33 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4668245